JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/11/414–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 18.11.2024

संसदीय स्थाई समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों का जयपुर मेट्रो पर शैक्षिक भ्रमण।

जयपुर 18 नवम्बर। आवास एवं नगरीय मामलों पर संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी एवं समिति के 16 अन्य सदस्य शैक्षिक भ्रमण पर जयपुर पहुंचे। समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ जयपुर मेट्रो के अधिकारियों के साथ सिविल लाइन्स से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन का दौरा किया।

सिविल लाइन्स मेट्रो स्टेशन पहुँचने पर संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी एवं सदस्य श्रीमती मालाराज्य लक्ष्मी शाह, श्रीमती लवली आनन्द, श्री हिबी ईडन, श्री राम शिरोमणी वर्मा, श्री सतपाल ब्रह्चारी, सुश्री सयानी घोष, श्री रामभुआल निषाद, डॉ. गुम्मा थानुजा रानी, श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी, श्री आलोक शर्मा, श्री जी.सी.चंद्रशेखर, श्री अयोध्या रामी रेड्डी अल्ला, श्री मिशन रंजन दास, श्री राम चंदर जांगरा, डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी एवं श्री आर.गिरीराजन का जयपुर मेट्रो के निदेशकगण व अन्य मेट्रो अधिकारियों द्वारा राजस्थानी परम्परा से साफा एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया एवं पुष्प गुच्छा प्रदान किये। सिविल लाइन्स से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पहुँचने पर दल ने छोटी चौपड़ स्थित कला दीर्घा में मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली, चौपड़ पर खुदाई के दौरान निकले ऐतिहासिक कुंड, गौमुख एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लायी गयी पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी प्राप्त की तथा छोटी चौपड़ स्टेशन नियंत्रक कक्ष, स्टेशन परिसर, रखरखाव तथा यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनका जायजा लिया, वहाँ उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को परिसर को स्वच्छ रखने व यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस दौरान जयपुर मेट्रो के चारो पूर्णकालिक निदेशकगण व जयपुर मेट्रो के अधिकारीगण भी उपस्थित रहें।

संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन से मेट्रो अधिकारियों के साथ मेट्रो के निर्माण कार्यो, कार्यप्रणाली एवं उपयोग में लिये जाने वाले सुरक्षा इंतजामो का जायजा लिया तथा टनल में निरीक्षण के दौरान मेट्रो के अधिकारियों ने आपातकाल परिस्थितियों में बनाये क्रॉस पासेज़, उनकी बनावट, तकनीकी विशेषता एवं स्ट्रक्चर इत्यादि से अवगत कराया।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि जयपुर मेट्रो का निर्माण पिंकसिटी जयपुर की समृद्ध विरासत को संरक्षित रखते हुए किया गया है तथा जयपुर मेट्रो अपने यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो